AL WAZIFATUL KAREEMA (HINDI)

मुख़्तलिफ़ अवक़ात में पढ़े जाने वाले वज़ाइफ़ और दुआओं पर मुश्तमिल म-दनी गुलदस्ता

अल वज़ीफ़तुल करीमा

मुसन्निफ़

आ'ला हज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत

मौलाना शाह इमाम अहमद रज़ा ख़ान عليه رحمة الرحمن

सुब्हो शाम के अवराद व वज़ाइफ़	12
सांप, बिच्छू वग़ैरा से हिफ़ाज़त के लिये	14
शैतान और उस के लश्करों से हिफ़ाज़त के लिये	18
दीन, ईमान, जान, माल, बच्चे सब महफ़ूज़ हों	18
क़र्ज़ की अदाएगी के लिये	19
पांचों नमाज़ों के बा'द के अवराद	22
सोते वक़्त के वज़ाइफ़	30

المدينة العلمية (دعوتِ اسلامی)

مکتبة المدينه (دعوتِ اسلامی)

सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने, तीन दरवाज़ा, अहमदाबाद-1, गुजरात, अल हिन्द MO. 9374031409

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ط

किताब पढ़ने की दुआ

अज़ : शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी र-ज़वी** دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

दीनी किताब या इस्लामी सबक़ पढ़ने से पहले ज़ैल में दी हुई दुआ़ पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ जो कुछ पढ़ेंगे याद रहेगा। दुआ़ येह है :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَاالْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

तर्जमा : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम पर इल्मो ह़िक्मत के दरवाज़े खोल दे और हम पर अपनी रह़मत नाज़िल फ़रमा ! ऐ अ़ज़मत और बुज़ुर्गी वाले।

(اَلْمُسْتَطْرَف ج ۱ ص ۴۰ دارالفكر بيروت)

नोट : अव्वल आख़िर एक एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ लीजिये।

तालिबे ग़मे मदीना
बक़ीअ़
व मग़फ़िरत

13 शव्वालुल मुकर्रम 1428 हि.

क़ियामत के रोज़ ह़सरत

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : सब से ज़ियादा ह़सरत क़ियामत के दिन उस को होगी जिसे दुन्या में इल्म ह़ासिल करने का मौक़अ़ मिला मगर उस ने ह़ासिल न किया और उस शख़्स को होगी जिस ने इल्म ह़ासिल किया और दूसरों ने तो उस से सुन कर नफ़्अ़ उठाया लेकिन उस ने न उठाया (या'नी उस इल्म पर अ़मल न किया)

(تاريخ دمشق لابن عساكر، ج ٥١ ص ١٣٨ دار الفكر بيروت)

किताब के ख़रीदार मुतवज्जेह हों

किताब की त़बाअ़त में नुमायां ख़राबी हो या सफ़ह़ात कम हों या बाइन्डिंग में आगे पीछे हो गए हों तो **मक्तबतुल मदीना** से रुजूअ़ फ़रमाइये।

www.dawateislami.net

अल वज़ीफ़तुल करीमा

اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ दा'वते इस्लामी की मजलिस "अल मदीनतुल इल्मिय्या" ने येह किताब "उर्दू" ज़बान में पेश की है और **मजलिसे तराजिम** ने इस किताब को हिन्द की **राष्ट्रिय भाषा "हिन्दी"** में रस्मुल ख़त़ (लीपियांतर) करने की सआ़दत ह़ासिल की है [**भाषांतर** (TRANSLATION) नहीं बल्कि सिर्फ़ **लीपियांतर** (TRANSLITERATION) या'नी ज़बान तो उर्दू ही है जब कि लीपि हिन्दी रखी है] और **मक्तबतुल मदीना** से **शाएअ़** करवाया है।

इस किताब में अगर किसी जगह **कमी-बेशी** या **ग़लत़ी** पाएं तो **मजलिसे तराजिम** को (ब ज़रीअ़ए SMS या E-MAIL) **मुत्त़लअ़** फ़रमा कर सवाब कमाइये।

उर्दू से हिन्दी रस्मुल ख़त़ का लीपियांतर चार्ट

त = ت	फ = پھ	प = پ	भ = بھ	ब = ب	अ = ا
झ = جھ	ज = ج	स = ث	ठ = ٹھ	ट = ٹ	थ = تھ
ढ = ڈھ	ध = دھ	ड = ڈ	द = د	ख़ = خ	ह़ = ح
ज़ = ژ	ज़ = ز	ढ़ = ڑھ	ड़ = ڑ	र = ر	ज़ = ذ

अ़ = ع	ज़ = ظ	त़ = ط	ज़ = ض	स़ = ص	श = ش	स = س
ग = گ	ख = کھ	क = ک	क़ = ق	फ़ = ف	ग़ = غ	' = ءُ
य = ی	ह = ہ	व = و	न = ن	म = م	ल = ل	घ = گھ
् = ْ	ु = ُ	ि = ِ	- = َ	ी = ئ	ू = وُ	ा = آ

-: राबित़ा :-

मजलिसे तराजिम, हिन्दी - गुजराती (दा'वते इस्लामी)

मदनी मर्कज़, क़ासिम हाला मस्जिद, सेकन्ड फ़्लोर,

नागर वाड़ा मेन रोड, बरोडा, गुजरात, अल हिन्द

Mo. + 91 9327776311

E-mail : translation.baroda@dawateislami.net

www.dawateislami.net

मुख़्तलिफ़ अवक़ात में पढ़े जाने वाले वज़ाइफ़ और दुआ़ओं
पर मुश्तमिल म-दनी गुलदस्ता

अल वज़ीफ़तुल करीमा

-: मुसन्निफ़ :-

आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत

मौलाना शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान

عَلَيْهِ رَحْمَةُالرَّحْمٰن

-: पेशकश :-

मजलिसे अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या (दा'वते इस्लामी)

(शो'बए कुतुबे आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُاللّٰه تعالٰی عَلَيْه)

-: नाशिर :-

मक्तबतुल मदीना, अह़मदाबाद

www.dawateislami.net

الصلوٰۃ والسلام علیک یارسول اللہ   وعلیٰ اٰلک واصحابک یا حبیب اللہ

नाम रिसाला : अल वज़ीफ़तुल करीमा

मुसन्निफ़ : आ'ला हज़रत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत
इमाम अहमद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن

पेशकश : मजलिसे अल मदीनतुल इल्मिय्या
(शो'बए कुतुबे आ'ला हज़रत رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه)

सिने तबाअत : जुल क़ा'दतिल हराम, सि. 1435 हि.

नाशिर : मक्तबतुल मदीना, अहमदाबाद-1

-: मक्तबतुल मदीना की मुख़्तलिफ़ शाखें :-

...अहमदाबाद : फ़ैज़ाने मदीना, तीकोनी बाग़ीचे के सामने, मिरज़ापूर, अहमदाबाद, गुजरात -1, फ़ोन : 9327168200

... मुम्बई : 19, 20, मुहम्मद अली रोड, मांडवी पोस्ट ऑफ़िस के सामने, मुम्बई, फ़ोन : 022-23454429

... नागपूर : सैफ़ी नगर रोड, ग़रीब नवाज़ मस्जिद के सामने, मोमिन पूरा, नागपूर फ़ोन : 09373110621

.... अजमेर : 19 / 216 फ़लाहे दारैन मस्जिद के क़रीब, नल्ला बाज़ार, स्टेशन रोड, दरगाह,फ़ोन : (0145) 2629385

....हुबली : A.J मुधल कोम्पलेक्स, A.J मुधल रोड, ओल्ड हुबली, कर्नाटक, फ़ोन : 08363244860

... हैदराबाद : मुग़ल पूरा, पानी की टंकी, हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश, फ़ोन : (040) 2 45 72 786

... कानपूर : मस्जिद मख़्दूमे सिमनानी, डिपटी का पडाव, गुर्बत पार्क, कानपूर, फ़ोन : 09335272252

... बनारस : अल्लू की मस्जिद के पास, अम्बा शाह की तकया, मदन पूरा, बनारस, फ़ोन : 09369023101

E.mail : ilmiapak@dawateislami.net

www.dawateislami.net

म-दनी इल्तिजा : किसी और को येह (तख़रीज शुदा) किताब छापने की इजाज़त नहीं ।

www.dawateislami.net

फ़ेहरिस

नम्बर शुमार	उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर
1	अल वज़ीफ़तुल करीमा पढ़ने की निय्यतें	4
2	पेशे लफ़्ज़	8
3	ख़ुत़्बा (अज़ : मौलाना ह़ामिद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمَنَّان)	10
4	सुब्ह़ो शाम की ता'रीफ़	12
5	सुब्ह़ो शाम पढ़ने के अवराद	12
6	सुब्ह़ पढ़ने के अवराद	21
7	पांचों नमाज़ों के बा'द के अवराद	22
8	नमाज़े सुब्ह़ व अ़स्र के बा'द के अवराद	25
9	नमाज़े सुब्ह़ के बा'द के अवराद	25
10	नमाज़े मग़रिब के बा'द के अवराद	26
11	रात में पढ़ने के अवराद	27
12	बा'द नमाज़े इ़शा के अवराद	28
13	सोते वक़्त के अ़मलियात	30
14	बेदार होने पर पढ़ने के अवराद	34
15	तहज्जुद	34
16	ज़िक्रे चहार ज़र्बी	35
17	ज़िक्रे ख़फ़ी	36
18	पासे अनफ़ास	37
19	तसव्वुरे शैख़	37
20	माख़ज़ो मराजेअ़	39

www.dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ ط بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ط

"अल्लाह को बहुत याद करो" (उर्दू) के पन्दरह हुरूफ़ की निस्बत से इस रिसाले को पढ़ने की "15 निय्यतें"

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : "अच्छी निय्यत बन्दे को जन्नत में दाख़िल कर देती है।" (الجامع الصغیر،الحدیث ۹۳۲۶،ص ۵۵۷، دارالکتب العلمیۃ بیروت)

दो म-दनी फूल : ﴾1﴿ बिग़ैर अच्छी निय्यत के किसी भी अ़मले ख़ैर का सवाब नहीं मिलता।

﴾2﴿ जितनी अच्छी निय्यतें ज़ियादा, उतना सवाब भी ज़ियादा।

﴾1﴿ हर बार ह़म्द व ﴾2﴿ सलात और ﴾3﴿ तअ़व्वुज़ व ﴾4﴿ तस्मिय्या से आग़ाज़ करूंगा (इसी सफ़्हे पर ऊपर दी हुई दो अ़रबी इबारात पढ़ लेने से चारों निय्यतों पर अ़मल हो जाएगा) ﴾5﴿ ह़त्तल वस्अ़ इस का बा वुज़ू और ﴾6﴿ क़िब्ला रू मुत़ालअ़ा करूंगा ﴾7﴿ ज़िक्रुल्लाह की फ़ज़ीलत ह़ासिल करूंगा ﴾8﴿ कुछ न कुछ अवराद को अपना मा'मूल बनाऊंगा (बिल ख़ुसूस नमाज़ों के बा'द के अवराद) ﴾9﴿ जहां "**अल्लाह**" का नामे पाक आएगा वहां "عَزَّوَجَلَّ" और ﴾10﴿ जहां जहां "**सरकार**" का इस्मे मुबारक आएगा वहां "صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم" पढ़ूंगा ﴾11﴿ जो मस्अला समझ में नहीं आएगा उस के लिये आयते करीमा : "فَسْـَٔلُوْۤا اَهْلَ الذِّكْرِ اِنْ كُنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ۙ" **तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :** "तो ऐ लोगो इ़ल्म वालों से पूछो अगर तुम्हें इ़ल्म नहीं।" (پ۱۴، النحل:۴۳) पर अ़मल करते हुए उ़-लमा से रुजूअ़ करूंगा। ﴾12﴿ अवराद पढ़ने से पहले किसी सुन्नी क़ारी या

www.dawateislami.net

आ़लिम को सुना कर अपने मख़ारिज की दुरुस्ती करूंगा ﴾13﴿ हर विर्द के अव्वल आख़िर कम अज़ कम एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ूंगा ﴾14﴿ तमाम उम्मत को इस का ईसाले सवाब करूंगा ﴾15﴿ किताबत वग़ैरा में शरई ग़लती मिली तो नाशिरीन को तह़रीरी त़ौर पर मुत्त़लअ़ करूंगा । (नाशिरीन व मुसन्निफ़ वग़ैरा को किताबों की अग़्लात़ सिर्फ़ ज़बानी बताना ख़ास मुफ़ीद नहीं होता)

*अच्छी अच्छी **निय्यतों** से मुतअ़ल्लिक़ रहनुमाई के लिये, **अमीरे अहले सुन्नत** دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه का सुन्नतों भरा बयान “**निय्यत का फल**” और निय्यतों से मुतअ़ल्लिक़ आप के मुरत्तब कर्दा **कार्ड** और **पेम्फ़लेट** **मक्तबतुल मदीना** की किसी भी शाख़ से हदिय्यतन त़लब फ़रमाएं ।*

इमामा और साइन्स

जदीद साइन्सी तह़क़ीक़ के मुत़ाबिक़ मुस्तक़िल त़ौर पर इमामा शरीफ़ सजाने वाला ख़ुश नसीब मुसलमान फ़ालिज और ख़ून की वजह से जनम लेने वाली बा'ज़ बीमारियों से मह़फ़ूज़ रहता है । क्यूंकि इमामा शरीफ़ सजाने की बरकत से दिमाग़ की त़रफ़ जाने वाली ख़ून की बड़ी बड़ी नालियों में ख़ून का दबाव सिर्फ़ ज़रूरत की ह़द तक रहता है और ग़ैर ज़रूरी ख़ून दिमाग़ तक नहीं पहुंच पाता लिहाज़ा अमरीका में फ़ालिज के इलाज के लिये इमामा नुमा “मास्क” (Mask) बनाया गया है ।

(म-दनी पंजसूरह, स.13 अज़ : अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه)

www.dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ ط بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ط

अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या

*अज़ : शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार** क़ादिरी रज़वी ज़ियाई* دامت برکاتہم العالیہ

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عَلٰی اِحْسَانِہٖ وَبِفَضْلِ رَسُوْلِہٖ صلّی اللّٰہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلّم

तब्लीग़े क़ुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक "**दा'वते इस्लामी**" नेकी की दा'वत, एह़याए सुन्नत और **इशाअ़ते इ़ल्मे शरीअ़त** को दुन्या भर में आ़म करने का अ़ज़्मे मुसम्मम रखती है, इन तमाम उमूर को ब ह़ुस्ने ख़ूबी सर अन्जाम देने के लिये **मुतअ़द्दद मजालिस** का क़ियाम अ़मल में लाया गया है जिन में से एक मजलिस "**अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या**" भी है जो **दा'वते इस्लामी के उ़-लमा व मुफ़्तियाने किराम** كَثَّرَهُمُ اللّٰه تعالٰی पर मुश्तमिल है, जिस ने ख़ालिस इ़ल्मी, तह़क़ीक़ी और इशाअ़ती काम का बीड़ा उठाया है। इस के मुन्दरिजए ज़ैल **छे शो'बे** हैं :

﴾1﴿ शो'बए कुतुबे आ'ला ह़ज़रत
﴾2﴿ शो'बए दर्सी कुतुब
﴾3﴿ शो'बए इस्लाह़ी कुतुब
﴾4﴿ शो'बए तराजिमे कुतुब
﴾5﴿ शो'बए तफ़्तीशे कुतुब
﴾6﴿ शो'बए तख़रीज

"**अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या**" की अव्वलीन तरजीह़ सरकारे आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, अ़ज़ीमुल ब-रकत, अ़ज़ीमुल मर्तबत, परवानए शमए़ रिसालत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत, ह़ामिये सुन्नत, माह़िये बिदअ़त, आ़लिमे शरीअ़त, पीरे त़रीक़त, बाइसे ख़ैरो ब-रकत, ह़ज़रते

www.dawateislami.net

अ़ल्लामा मौलाना अलह़ाज अल ह़ाफ़िज़ अल क़ारी **शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान** عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن की गिरां मायह तसानीफ़ को अ़सरे ह़ाज़िर के तक़ाज़ों के मुत़ाबिक़ ह़त्तल वस्अ़ सह्ल उस्लूब में पेश करना है । तमाम इस्लामी भाई और इस्लामी बहनें इस इल्मी, तह़क़ीक़ी और इशाअ़ती म–दनी काम में हर मुमकिन तआ़वुन फ़रमाएं और मजलिस की त़रफ़ से शाएअ़ होने वाली कुतुब का ख़ुद भी मुत़ालआ़ फ़रमाएं और दूसरों को भी इस की तरग़ीब दिलाएं ।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ **"दा'वते इस्लामी"** की तमाम मजालिस ब शुमूल **"अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या"** को दिन ग्यारहवीं और रात बारहवीं तरक़्क़ी अ़त़ा फ़रमाए और हमारे हर अ़–मले ख़ैर को ज़ेवरे इख़्लास से आरास्ता फ़रमा कर दोनों जहां की भलाई का सबब बनाए । हमें ज़ेरे गुम्बदे ख़ज़रा शहादत, जन्नतुल बक़ीअ़ में मदफ़न और जन्नतुल फ़िरदौस में जगह नसीब फ़रमाए । اٰمِين بِجَاهِ النَّبِيِّ الْاَمين صَلَّى اللهُ تعالٰى عليه واٰله وسلَّم

र–मज़ानुल मुबारक 1425 हि.

www.dawateislami.net

पेशे लफ़्ज़

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ

اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ ط بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ط

कुरआने करीम में अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का इर्शादे आलीशान है :

فَاِذَا قَضَیْتُمُ الصَّلٰوۃَ فَاذْكُرُوا اللّٰهَ قِیٰمًا وَّ قُعُوْدًا (پ٥، النسآء: ١٠٣) ***तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :*** *फिर जब तुम नमाज़ पढ़ चुको तो अल्लाह की याद करो खड़े और बैठे।*

सदरुल अफ़ाज़िल हज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादाबादी عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْہَادِی इस आयए मुबारका के तह़त ख़ज़ाइनुल इरफ़ान में फ़रमाते हैं : "या'नी ज़िक्रे इलाही की हर ह़ाल में मुदावमत करो और किसी ह़ाल में अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र से ग़ाफ़िल न रहो। हज़रते इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا ने फ़रमाया : अल्लाह तआ़ला ने हर फ़र्ज़ की एक ह़द मुअ़य्यन फ़रमाई सिवाए ज़िक्र के, इस की कोई ह़द न रखी, फ़रमाया : ज़िक्र करो खड़े बैठे, करवटों पर लेटे, रात में हो या दिन में, ख़ुश्की में हो या तरी में, सफ़र में और हज़र में, ग़िना में और फ़क़्र में, तन्दुरुस्ती और बीमारी में, पोशीदा और ज़ाहिर।"

मक्की म-दनी सुल्त़ान, रह़मते आ़-लमियान صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया : "अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के नज़्दीक सब से पसन्दीदा अ़मल येह है कि तुम्हारी मौत इस ह़ाल में आए कि तुम्हारी ज़बान अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र से तर हो।" (الجامع الصغیر للسیوطی، الحدیث:١٩٨، ص١٩)

सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइसे नुज़ूले सकीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इर्शाद फ़रमाया : "जिस ने दिन की इब्तिदा किसी अच्छे काम से की और अपने दिन को अच्छे काम ही पर ख़त्म किया तो अल्लाह عَزَّوَجَلَّ अपने फ़िरिश्तों से फ़रमाएगा : "इन दोनों के दरमियान जो गुनाह (सग़ीरा) हैं उन्हें मत लिखो।" (الجامع الصغیر للسیوطی، الحدیث:٨٤٢٣، ص٥١٣)

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! कुरआनो ह़दीस में ज़िक्रुल्लाह की बहुत ताकीद फ़रमाई गई है और इस के फ़ज़ाइल बे शुमार हैं, इन्सान को चाहिये कि वोह अपने दिल और ज़बान को ज़िक्रे इलाही में मश्ग़ूल रखे और

www.dawateislami.net

किसी सख़्ती व परेशानी में भी इस से ग़ाफ़िल न हो। हमारे बुज़ुर्गाने दीन رَحِمَهُمُ اللّٰهُ الْمُبِیْن ने अपनी ज़िन्दगियां अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र में गुज़ारीं और अपने मुतअ़ल्लिक़ीन को भी फ़राइज़ व वाजिबात की पाबन्दी के साथ साथ हर वक़्त अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र में मश्ग़ूल रहने की ताकीद व तल्क़ीन फ़रमाते रहे, बल्कि उम्मत की ख़ैर ख़्वाही के मुक़द्दस जज़्बे के तहत उन्हों ने कुरआनो ह़दीस और दीगर रिवायात की रोशनी में मुख़्तलिफ़ अज़्कार को जम्अ़ कर दिया और सुब्ह़ो शाम और दिन रात में इन को मख़्सूस ता'दाद में पढ़ने की तरग़ीब दिलाई ताकि इन पर अ़मल करने वालों के दिलों की जिला हो और उन्हें दुन्या व आख़िरत की भलाइयां नसीब हों। आ'ला ह़ज़रत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत मौलाना शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَیْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمَنَّان ने भी अवरादो वज़ाइफ़ का एक मज्मूआ़ मुरत्तब फ़रमाया जो **"अल वज़ीफ़तुल करीमा"** के नाम से मश्हूर है जिस में आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه ने सुब्ह़ो शाम और पांचों नमाज़ों के बा'द के विर्दो वज़ाइफ़ और उन के फ़ज़ाइल तह़रीर फ़रमाए हैं और साथ ही ज़िक्रे ख़फ़ी के पांच मख़्सूस त़रीक़े भी ज़िक्र कर दिये हैं नीज़ आख़िर में तसव्वुरे शैख़ का त़रीक़ा भी इर्शाद फ़रमा दिया है, अल्लाह عَزَّوَجَلَّ हमें इन अवराद से मुस्तफ़ीद होने की तौफ़ीक़े रफ़ीक़ मर्ह़मत फ़रमाए और फ़ैज़ाने औलिया से हमें मालामाल फ़रमाए। आमीन

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَزَّوَجَلَّ ! तब्लीग़े कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक **"दा'वते इस्लामी"** की मजलिस **"अल मदीनतुल इल्मिय्या"** के म-दनी उ़-लमा دامت فیوضھم ने इस मज्मूए़ को भी जदीद अन्दाज़ में पेश करने की सअ़्य की और इस ग़रज़ से तमाम अवराद की ह़त्तल मक़्दूर अस्ल मसादिर से तत़बीक़ की और ह़वाशी की सूरत में इन के ह़वालाजात और साथ ही इन दुआ़ओं का तर्जमा भी तह़रीर कर दिया है। अल्लाह عَزَّوَجَلَّ उ़-लमाए किराम دامت فیوضھم की इस मेह़नत पर इन्हें बेहतरीन जज़ा अ़त़ा फ़रमाए और इन के इ़ल्मो अ़मल में ब-र-कतें दे और दा'वते इस्लामी की मजलिस **"अल मदीनतुल इल्मिय्या"** और दीगर मजालिस को दिन ग्यारहवीं रात बारहवीं तरक़्क़ी अ़त़ा फ़रमाए। اٰمین بِجاہِ النَّبِیِّ الْاَمین صلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم

शो'बए कुतुबे आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه (मजलिसे अल मदीनतुल इल्मिय्या)

www.dawateislami.net

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

حَامِدًا لِّمَنْ جَعَلَ الدُّعَآءَ عِبَادَةً بَلْ مُخَّ الْعِبَادَةِ
وَ اَمَرَ بِاُدْعُوْنِیْ عِبَادَہٗ وَ اَلْزَمَہٗ بِوَعْدِہِ الْاِجَابَةَ وَمَنْ
دَعَا رَبَّہٗ لَبَّیْكَ یَا عَبْدِیْ اَجَابَہٗ قَالَ رَبُّكُمُ ادْعُوْنِیْٓ
اَسْتَجِبْ لَكُمْ وَ اِذَا سَاَلَكَ عِبَادِیْ عَنِّیْ فَاِنِّیْ قَرِیْبٌ
اُجِیْبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ اِذَا دَعَانِ فَاِنَّہٗ سَمِیْعٌ مُّجِیْبٌ وَّ
مُصَلِّیًا وَّ مُسَلِّمًا عَلٰی مَنِ اخْتَبَا دَعْوَتَہُ الْمُسْتَجَابَةَ
لِیَوْمِ الْمَثَابَةِ وَعَلٰٓی اٰلِہٖ وَ اَصْحَابِہٖ مَا انْهَلَّ الدِّیَمُ
مِنَ السَّحَابَةِ ط اٰمِیْن

हम्द[1] उस के वजहे करीम को जिस ने हमें मौलाए आलम, वालिये आ'ज़म मुहम्मद रसूलुल्लाह صلی اللہ تعالٰی علیہ وعلٰی آلہ واصحابہ وسلم के बन्दगाने बारगाहे आलम पनाह में किया, हमारे हाथ में हुज़ूर पुरनूर सय्यिदुना ग़ौसुल आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہ تعَالٰی عَنْہ का दामने करम दिया, अपने औलिया, हमारे मशाइख़े सिल्सिला ख़ुसूसन हमारे आक़ा व मौला हुज़ूर सय्यिदुना आ'ला हज़रत क़िब्ला رَضِیَ اللّٰہ تعَالٰی عَنْہ का सायए रहमत हम पर दराज़ किया, जिन्हों ने हम तक पहुंचाया कि तुम्हारा हया वाला रब्बे करीम हया फ़रमाता है कि बन्दा उस के हुज़ूर

1.... हुज़ूर पुरनूर सय्यिदुना आ'ला हज़रत क़िब्ला رَضِیَ اللّٰہ تعَالٰی عَنْہ ने बतौरे तम्हीद कुछ तहरीर फ़रमाना चाहा था मगर वोह जवाहिर ज़वाहिर मिस्ल दुर्रे मक्नून सीनए अक़्दस में मख़्ज़ून रहे दिल ने न चाहा कि इन अल्फ़ाज़े करीमा से एक हर्फ़ भी कम हो, इन्हें बिजिन्सिही नक़्ल कर के कि येह यहीं तक थे, जो फ़हमें क़ासिर में आया हदिय्यए नाज़िरीन किया, इस रिसाले का नाम भी कुछ न तजवीज़ फ़रमाया था, तारीख़ी नाम और ख़ुत्बा फ़क़ीर ने इज़ाफ़ा किया।

गदाए आस्तानए क़ुदसिय्या रज़विय्या

फ़क़ीर मुहम्मद हामिद रज़ा क़ादिरी غفرلہ (ورحمۃ اللہ علیہ)

www.dawateislami.net

हाथ फैलाए और वोह ख़ाली हाथ फैर दे, हमें ख़ुद हुक्मे दुआ़ दिया और अपने करम से इजाबत को लाज़िम फ़रमाया :

فَعَلَيْكُمْ بِالدُّعَاءِ فَاِنَّ الدُّعَاءَ يَرُدُّ الْقَضَاءَ بَعْدَ اَنْ يُّبْرَمَ

बारगाहे करम सय्यिदे अकरम صلی اللہ تعالٰی علیہ وعلٰی آلہ واصحابہ وسلم से हुज़ूर पुरनूर सय्यिदुना आ'ला ह़ज़रत क़िब्ला رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के हाथों जो मुबारक दुआ़एं हमें पहुंचीं और जो अज़्कारो अशग़ाल दुर्रे मक्नून की त़रह़ ख़ानदाने आ़लिया में मख़्ज़ून थे, बिरादराने अहले सुन्नत व ख़्वाजा ताशाने क़ादिरिय्यत व र-ज़विय्यत के लिये शाएअ़ करते और दा'वे से कहते हैं कि इन का आ़मिल दीनो दुन्या की ने'मतों से माला माल होगा, हर बला व आफ़त से मह़फ़ूज़ रहेगा, मौला तआ़ला इन की बरकात से तमाम अहले सुन्नत को मुस्तफ़ीज़ फ़रमाए । आमीन आमीन !

गदाए आस्तानए कुदसिय्या रज़विय्या

फ़क़ीर मुह़म्मद ह़ामिद रज़ा क़ादिरी غفرلہ (ورحمۃ اللہ علیہ)

दा'वते इस्लामी *के* ***सुन्नतों की तर्बिय्यत*** *के* ***म-दनी क़ाफ़िलों*** *में सफ़र और रोज़ाना* ***फ़िक्रे मदीना*** *के ज़रीए़* ***म-दनी इन्आ़मात का कार्ड*** *पुर कर के हर* ***म-दनी माह*** *के दस दिन के अन्दर अन्दर अपने यहां के ज़िम्मादार को जम्अ़ करवाने का मा'मूल बना लीजिये ।* اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ *इस की बरकत से* ***पाबन्दे सुन्नत*** *बनने, गुनाहों से नफ़रत करने और* ***ईमान की ह़िफ़ाज़त*** *के लिये कुढ़ने का ज़ेहन बनेगा ।*

www.dawateislami.net

بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

सुब्ह़ो शाम दोनों वक़्त

आधी रात ढले से सूरज की किरन चमकने तक सुब्ह़ है, इस बीच में जिस वक़्त इन दुआओं को पढ़ लेगा सुब्ह़ में पढ़ना हो गया, यूंही दोपहर ढलने से ग़ुरूबे आफ़ताब तक शाम है।

﴾1﴿ سُبْحَانَ اللّٰهِ وَبِحَمْدِهٖ لَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ مَاشَآءَ اللّٰهُ كَانَ وَمَا لَمْ يَشَأْ لَمْ يَكُنْ اَعْلَمُ اَنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَیْءٍ قَدِيْرٌ وَّاَنَّ اللّٰهَ قَدْ اَحَاطَ بِكُلِّ شَیْءٍ عِلْمًا (1)

एक एक बार

﴾2﴿ आयतुल कुर्सी(2) एक एक बार और इस के बा'द

---

❶.... *तर्जमा : पाक है अल्लाह عَزَّوَجَلَّ अपनी ता'रीफ़ के साथ, नेकी की तौफ़ीक़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ही की त़रफ़ से है, जो उस ने चाहा वोही हुवा और जो न चाहा वोह न हुवा, मैं जानता हूं कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ सब कुछ कर सकता है, अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का इ़ल्म हर चीज़ को मुह़ीत़ है।*

❷.... اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَۚ اَلْحَیُّ الْقَیُّوْمُ ۚ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌؕ لَهٗ مَا فِی السَّمٰوٰتِ وَمَا فِی الْاَرْضِؕ مَنْ ذَا الَّذِیْ یَشْفَعُ عِنْدَهٗۤ اِلَّا بِاِذْنِهٖؕ یَعْلَمُ مَا بَیْنَ اَیْدِیْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْۚ وَلَا یُحِیْطُوْنَ بِشَیْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖۤ اِلَّا بِمَا شَآءَۚ وَسِعَ كُرْسِیُّهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَۚ وَلَا یَئُوْدُهٗ حِفْظُهُمَاۚ وَهُوَ الْعَلِیُّ الْعَظِیْمُ ﴿۲۵۵﴾

(پ۳،البقرۃ:۲۵۵)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : अल्लाह है जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं वोह आप ज़िन्दा और औरों का क़ाइम रखने वाला उसे न ऊंघ आए न नींद उसी का है जो कुछ आस्मानों में है और जो कुछ ज़मीन में वोह कौन है जो उस के यहां सिफ़ारिश करे बे उस के हुक्म के जानता है जो कुछ उन के आगे है और जो कुछ उन के पीछे और वोह नहीं पाते उस के इ़ल्म में से मगर जितना वोह चाहे उस की कुर्सी में समाए हुए हैं आस्मान और ज़मीन और उसे भारी नहीं उन की निगेहबानी और वोही है बुलन्द बड़ाई वाला

www.dawateislami.net

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ ط حٰمٓ ۚ﴿۱﴾ تَنۡزِیۡلُ الۡکِتٰبِ مِنَ اللّٰہِ الۡعَزِیۡزِ الۡعَلِیۡمِ ۙ﴿۲﴾
غَافِرِ الذَّنۡۢبِ وَ قَابِلِ التَّوۡبِ شَدِیۡدِ الۡعِقَابِ ۙ ذِی الطَّوۡلِ ؕ لَاۤ اِلٰہَ اِلَّا ہُوَ ؕ اِلَیۡہِ الۡمَصِیۡرُ ﴿۳﴾ (1)

एक एक बार

﴾3﴿ तीनों (2)" قُلْ " तीन तीन बार

इन तीनों नम्बरों का फ़ाइदा हर बला से महफ़ूज़ी है, सुब्ह पढ़े

1.... *तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : अल्लाह के नाम से शुरूअ़ जो बहुत मेहरबान रह़मत वाला येह किताब उतारना है अल्लाह की त़रफ़ से जो इ़ज़्ज़त वाला इ़ल्म वाला गुनाह बख़्शने वाला और तौबा क़बूल करने वाला सख़्त अ़ज़ाब करने वाला बड़े इन्आ़म वाला उस के सिवा कोई मा'बूद नहीं उसी की त़रफ़ फिरना है।*

2...... قُلۡ ہُوَ اللّٰہُ اَحَدٌ ۚ﴿۱﴾ اَللّٰہُ الصَّمَدُ ۚ﴿۲﴾ لَمۡ یَلِدۡ ۬ۙ وَ لَمۡ یُوۡلَدۡ ۙ﴿۳﴾ وَ لَمۡ یَکُنۡ لَّہٗ کُفُوًا اَحَدٌ ٪﴿۴﴾ (پ ۳۰، الاخلاص)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : तुम फ़रमाओ वोह अल्लाह है वोह एक है अल्लाह बे नियाज़ है न उस की कोई अवलाद और न वोह किसी से पैदा हुवा और न उस के जोड़ का कोई।

قُلۡ اَعُوۡذُ بِرَبِّ الۡفَلَقِ ۙ﴿۱﴾ مِنۡ شَرِّ مَا خَلَقَ ۙ﴿۲﴾ وَ مِنۡ شَرِّ غَاسِقٍ اِذَا وَقَبَ ۙ﴿۳﴾ وَ مِنۡ شَرِّ النَّفّٰثٰتِ فِی الۡعُقَدِ ۙ﴿۴﴾ وَ مِنۡ شَرِّ حَاسِدٍ اِذَا حَسَدَ ٪﴿۵﴾ (پ ۳۰، الفلق)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : तुम फ़रमाओ मैं उस की पनाह लेता हूं जो सुब्ह का पैदा करने वाला है उस की सब मख़्लूक़ के शर से और अन्धेरी डालने वाले के शर से जब वोह डूबे और उन औ़रतों के शर से जो गिर्हों में फूंकती हैं और ह़सद वाले के शर से जब वोह मुझ से जले।

قُلۡ اَعُوۡذُ بِرَبِّ النَّاسِ ۙ﴿۱﴾ مَلِکِ النَّاسِ ۙ﴿۲﴾ اِلٰہِ النَّاسِ ۙ﴿۳﴾ مِنۡ شَرِّ الۡوَسۡوَاسِ ۬ۙ الۡخَنَّاسِ ۪ۙ﴿۴﴾ الَّذِیۡ یُوَسۡوِسُ فِیۡ صُدُوۡرِ النَّاسِ ۙ﴿۵﴾ مِنَ الۡجِنَّۃِ وَ النَّاسِ ٪﴿۶﴾ (پ ۳۰، الناس)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : तुम कहो मैं उस की पनाह में आया जो सब लोगों का रब सब लोगों का बादशाह सब लोगों का ख़ुदा उस के शर से जो दिल में बुरे ख़त़रे डाले और दबक रहे वोह जो लोगों के दिलों में वस्वसे डालते हैं जिन्न और आदमी।

www.dawateislami.net

तो शाम तक और शाम पढ़े तो सुब्ह़ तक।[1]

﴾4﴿ بِسۡمِ اللهِ مَا شَآءَ اللهُ لَا یَسُوۡقُ الۡخَیۡرَ اِلَّا اللهُ مَا شَآءَ اللهُ لَا یَصۡرِفُ السُّوۡٓءَ اِلَّا اللهُ مَا شَآءَ اللهُ مَا کَانَ مِنۡ نِّعۡمَۃٍ فَمِنَ اللهِ مَا شَآءَ اللهُ لَاحَوۡلَ وَلَا قُوَّۃَ اِلَّا بِاللهِ (2)

तीन तीन बार। इस का फ़ाइदा सात चीज़ों से पनाह : ﴾1﴿ जलना ﴾2﴿ डूबना ﴾3﴿ चोरी ﴾4﴿ सांप ﴾5﴿ बिच्छू ﴾6﴿ शैत़ान ﴾7﴿ सुल्त़ान।[3]

सुब्ह़ से शाम तक और शाम से सुब्ह़ तक।

﴾5﴿ اَعُوۡذُ بِکَلِمَاتِ اللهِ التَّآمَّاتِ مِنۡ شَرِّ مَا خَلَقَ (4)

तीन तीन बार। सांप, बिच्छू वग़ैरा मूज़िय्यात से पनाह हो।[5]

---

1 ......سنن ابی داود، کتاب الادب، باب مایقول اذا اصبح، الحدیث: ۵۰۸۲، ۵۰۵۷، ج ۴، ص ۴۱۴، ۴۱۶ و سنن الترمذی، کتاب فضائل القرآن، باب ما جاء فی فضل سورۃ البقرۃ و آیۃ الکرسی، الحدیث: ۲۸۸۸، ج ۴، ص ۴۰۲

2 .... तर्जमा : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के नाम से مَاشَآءَاللہ ख़ैर और भलाई सिर्फ़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ही अ़त़ा फ़रमाता है مَاشَآءَاللہ बुराई और मुसीबत को सिर्फ़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ही दूर फ़रमाता है مَاشَآءَاللہ हर ने'मत अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की त़रफ़ से है مَاشَآءَاللہ गुनाहों से बचने की त़ाक़त और नेकी करने की तौफ़ीक़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ही की त़रफ़ से है।

3 ......الدر المنثور، سورۃ الکھف، تحت الآیۃ: ۸۲، ج ۵، ص ۴۳۴

4 .... तर्जमा : मैं अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के पूरे और कामिल कलिमात के साथ मख़्लूक़ के शर से पनाह लेता हूं।

5 ......سنن الترمذی، کتاب الدعوات، باب فی الاستعاذۃ، الحدیث: ۳۶۱۶، ج ۵، ص ۳۴۶

www.dawateislami.net

﴾6﴿ بِسْمِ اللّٰهِ الَّذِیْ لَا یَضُرُّ مَعَ اسْمِهٖ شَیْءٌ فِی الْاَرْضِ وَلَا فِی السَّمَآءِ وَهُوَ السَّمِیْعُ الْعَلِیْمُ (1)

तीन तीन बार। ज़हर व ज़रर से अमान रहे।

﴾7﴿ رَضِیْتُ بِاللّٰهِ رَبًّا وَّ بِالْاِسْلَامِ دِیْنًا وَّ بِسَیِّدِنَا وَ مَوْلَانَا مُحَمَّدٍ صَلَّى اللّٰهُ عَلَیْهِ وَسَلَّمَ نَبِیًّا وَّ رَسُوْلًا (2)

तीन तीन बार

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के करम पर हक़ है कि रोज़े क़ियामत उसे राज़ी करे।(3)

﴾8﴿ حَسْبِیَ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ عَلَیْهِ تَوَكَّلْتُ وَهُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِیْمِ ﴿۱۲۹﴾ (4)

दस दस बार

हर बला व मक्र से महफ़ूज़ी, हदीस में सात बार फ़रमाया।(5) हुज़ूर सय्यिदुना ग़ौसे आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ से दस बार आया, फ़क़ीर का इसी पर अ़मल है, इसे बिहम्दिल्लाहि तआ़ला तमाम मक़ासिद के लिये काफ़ी पाया।

1... *तर्जमा : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के नाम से, जिस के नाम से कोई चीज़ नुक़्सान नहीं पहुंचाती न ज़मीन में और न आस्मान में और वोही है सुनने और जानने वाला।*

(سنن ابی داود، کتاب الادب، باب مایقول اذا اصبح، الحدیث:٥٠٨٨، ج٤، ص٤١٨)

2... *तर्जमा : मैं अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के रब, इस्लाम के दीन और मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के नबी और रसूल होने पर राज़ी हूं।*

3......المصنف لابن ابی شیبة، کتاب الدعاء، باب ما یستحب ان یدعوا به اذا اصبح، الحدیث:٨، ج٧، ص٤١

4... *तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : मुझे अल्लाह काफ़ी है उस के सिवा किसी की बन्दगी नहीं, मैं ने उसी पर भरोसा किया और वोह बड़े अ़र्श का मालिक है।* (پ١١، التوبة: ١٢٩)

5......الدر المنثور، سورة التوبة، تحت الآیة: ١٢٩، ج ٤، ص ٣٣٤

www.dawateislami.net

﴿9﴾ فَسُبۡحٰنَ اللّٰهِ حِيۡنَ تُمۡسُوۡنَ وَحِيۡنَ تُصۡبِحُوۡنَ ﴿۱۷﴾ وَلَهُ الۡحَمۡدُ فِي السَّمٰوٰتِ
وَالۡاَرۡضِ وَعَشِيًّا وَّحِيۡنَ تُظۡهِرُوۡنَ ﴿۱۸﴾ يُخۡرِجُ الۡحَيَّ مِنَ الۡمَيِّتِ وَيُخۡرِجُ الۡمَيِّتَ
مِنَ الۡحَيِّ وَيُحۡيِ الۡاَرۡضَ بَعۡدَ مَوۡتِهَا ؕ وَكَذٰلِكَ تُخۡرَجُوۡنَ ﴿۱۹﴾ (1)

एक एक बार

जिस से किसी दिन सब वज़ाइफ़ रह जाएं तो येह तन्हा इन सब की जगह काफ़ी है नीज़ रात दिन के हर नुक़्सान की तलाफ़ी है।

﴿10﴾ اَفَحَسِبۡتُمۡ اَنَّمَا خَلَقۡنٰكُمۡ عَبَثًا ख़त्म सूरह तक (2) एक एक बार शैतान व जिन्न व आफ़ात से महफ़ूज़ी।

1.... ***तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :*** *तो **अल्लाह** की पाकी बोलो जब शाम करो और जब सुब्ह हो और उसी की ता'रीफ़ है आस्मानों और ज़मीन में और कुछ दिन रहे और जब तुम्हें दोपहर हो वोह ज़िन्दा को निकालता है मुर्दे से और मुर्दे को निकालता है ज़िन्दा से और ज़मीन को जिलाता है उस के मरे पीछे और यूंही तुम निकाले जाओगे।* (پ۲۱، الروم: ۱۷-۱۹)

(الدر المنثور، سورة الروم، تحت الآية: ۱۷، ج۶، ص۴۸۹)

2...... اَفَحَسِبۡتُمۡ اَنَّمَا خَلَقۡنٰكُمۡ عَبَثًا وَّاَنَّكُمۡ اِلَيۡنَا لَا تُرۡجَعُوۡنَ ﴿۱۱۵﴾ فَتَعٰلَى اللّٰهُ الۡمَلِكُ الۡحَقُّ ۚ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ رَبُّ الۡعَرۡشِ الۡكَرِيۡمِ ﴿۱۱۶﴾ وَمَنۡ يَّدۡعُ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ ۙ لَا بُرۡهَانَ لَهُ بِهٖ ۙ فَاِنَّمَا حِسَابُهُ عِنۡدَ رَبِّهٖ ؕ اِنَّهُ لَا يُفۡلِحُ الۡكٰفِرُوۡنَ ﴿۱۱۷﴾ وَقُلۡ رَّبِّ اغۡفِرۡ وَارۡحَمۡ وَاَنۡتَ خَيۡرُ الرّٰحِمِيۡنَ ﴿۱۱۸﴾

(پ۱۸، المؤمنون: ۱۱۵-۱۱۸)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *तो क्या येह समझते हो कि हम ने तुम्हें बेकार बनाया और तुम्हें हमारी त़रफ़ फिरना नहीं तो बहुत बुलन्दी वाला है **अल्लाह** सच्चा बादशाह कोई मा'बूद नहीं सिवा उस के इज़्ज़त वाले अ़र्श का मालिक और जो **अल्लाह** के साथ किसी दूसरे ख़ुदा को पूजे जिस की उस के पास कोई सनद नहीं तो उस का हिसाब उस के रब के यहां है बेशक काफ़िरों को छुटकारा नहीं और तुम अ़र्ज़ करो ऐ मेरे रब बख़्श दे और रह़्म फ़रमा और तू सब से बरतर रह़्म करने वाला।*

www.dawateislami.net

﴾11﴿[1] اَعُوْذُ بِاللّٰہِ السَّمِیْعِ الْعَلِیْمِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ तीन बार

फिर هُوَ اللّٰهُ الَّذِیْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ सूरए हश्र की अख़ीर तीन आयतें[2] एक बार

सुब्ह़ पढ़े तो शाम तक सत्तर हज़ार फ़िरिश्ते उस के लिये इस्तिग़फ़ार करें और उस दिन मरे तो शहीद हो और शाम को पढ़े तो सुब्ह़ तक येही हुक्म है ।[3]

﴾12﴿ اَللّٰھُمَّ اِنَّا نَعُوْذُبِكَ مِنْ اَنْ نُّشْرِكَ بِكَ شَيْئًا نَّعْلَمُهٗ وَ نَسْتَغْفِرُكَ لِمَا لَا نَعْلَمُهٗ [4]

तीन तीन बार । ख़ातिमा ईमान पर हो ।

﴾13﴿[5] بِسْمِ اللّٰهِ عَلٰی دِیْنِیْ بِسْمِ اللّٰهِ عَلٰی نَفْسِیْ وَ وُلْدِیْ وَ اَھْلِیْ وَ مَالِیْ

1.... *तर्जमा :* मैं **अल्लाह** समीअ़ अ़लीम की पनाह मांगता हूं शैत़ान मरदूद से ।

2......هُوَ اللّٰهُ الَّذِیْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عٰلِمُ الْغَیْبِ وَ الشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِیْمُ ﴿۲۲﴾ هُوَ اللّٰهُ الَّذِیْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ الْمُؤْمِنُ الْمُهَیْمِنُ الْعَزِیْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ؕ سُبْحٰنَ اللّٰهِ عَمَّا یُشْرِكُوْنَ ﴿۲۳﴾ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ؕ یُسَبِّحُ لَهٗ مَا فِی السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضِ ۚ وَ هُوَ الْعَزِیْزُ الْحَكِیْمُ ﴿۲۴﴾ (پ۲۸،الحشر:۲۲۔۲۴)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : वोही **अल्लाह** है जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं हर निहां व इ़यां का जानने वाला वोही है बड़ा मेहरबान रह़मत वाला वोही है **अल्लाह** जिसके सिवा कोई मा'बूद नहीं बादशाह निहायत पाक सलामती देने वाला अमान बख़्शने वाला ह़िफ़ाज़त फ़रमाने वाला इ़ज़्ज़त वाला अ़ज़मत वाला तकब्बुर वाला **अल्लाह** को पाकी है उन के शिर्क से वोही है **अल्लाह** बनाने वाला पैदा करने वाला हर एक को सूरत देने वाला उसी के हैं सब अच्छे नाम उस की पाकी बोलता है जो कुछ आस्मानों और ज़मीन में है और वोही इ़ज़्ज़त व ह़िक्मत वाला है ।

3......سنن الترمذی، کتاب فضائل القرآن، الحدیث: ۲۹۳۱، ج۴، ص۴۲۳

4.... *तर्जमा :* ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ हम तेरी पनाह मांगते हैं इस बात से कि जान बूझ कर किसी शै को तेरा शरीक बनाएं और हम बख़्शिश मांगते हैं तुझ से उस (शिर्क) की जिस को हम नहीं जानते ।

(المسند للامام احمد بن حنبل، مسندالکوفیین، الحدیث: ۱۹۶۲۵، ج۷، ص۱۴۶)

5.... *तर्जमा :* **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के नाम की बरकत से मेरे दीन, जान, अवलाद और अहलो माल की ह़िफ़ाज़त हो ।

www.dawateislami.net

तीन तीन बार दीन, ईमान, जान, माल, बच्चे सब मह़फ़ूज़ रहें।[1]

﴿14﴾ اَللّٰھُمَّ مَا اَصْبَحَ بِیْ مِنْ نِّعْمَۃٍ اَوْ بِاَحَدٍ مِّنْ خَلْقِكَ فَمِنْكَ وَحْدَكَ لَا شَرِیْكَ لَكَ فَلَكَ الْحَمْدُ وَلَكَ الشُّكْرُ (2)

एक एक बार सुब्ह़ को कहे तो दिन भर की सब ने'मतों का शुक्र अदा किया और शाम को पढ़े तो शब भर की।[3]

शाम को "اَصْبَحَ" की जगह "اَمْسٰى" कहे। फ़क़ीर इस के बा'द لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ سُبْحٰنَكَ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ (4) ज़ाइद करता है।

﴿15﴾ بِسْمِ اللّٰهِ جَلِیْلِ الشَّاْنِ عَظِیْمِ الْبُرْهَانِ شَدِیْدِ السُّلْطَانِ مَا شَآءَ اللّٰهُ كَانَ، اَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ (5)

एक एक बार शैत़ान और उस के लश्करों से मह़फ़ूज़ रहे।[6]

---

1 ...... فیض القدیرشرح الجامع الصغیر،الحدیث:٦١٣٩،٦١٤٠،ج٤، ص٦٨٣

2 .... **तर्जमा :** या **अल्लाह** ! عَزَّوَجَلَّ मैंने या तेरी मख़्लूक़ में से किसी ने जिन ने'मतों के साथ सुब्ह़ की तो वोह तेरी ही त़रफ़ से हैं तू अकेला है तेरा कोई शरीक नहीं, तमाम ता'रीफ़ें और शुक्र तेरे लिये हैं।

3 ...... شعب الایمان للبیهقی،باب فی تعدید نعم اللّٰه...الخ،الحدیث:٤٣٦٨،ج٤،ص٨٩

4 .... **तर्जमा :** कोई मा'बूद नहीं सिवा तेरे, पाकी है तुझ को बेशक मुझ से बेजा हुवा।

5 .... **तर्जमा : अल्लाह** जलीलुश्शान, अ़ज़ीमुल बुरहान, शदीदुस्सुल्त़ान के नाम से इब्तिदा, जो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ चाहता है वोही होता है, मैं पनाह मांगता हूं **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की शैत़ान मरदूद से।

6 ...... فردوس الاخبار للدیلمی، باب المیم، الحدیث: ٦٤٥٩، ج٢، ص٣١٦

www.dawateislami.net

﴾16﴿ اَللّٰھُمَّ اِنِّیۡۤ اَصۡبَحۡتُ اُشۡھِدُكَ وَاُشۡھِدُ حَمَلَةَ عَرۡشِكَ وَمَلٰٓئِكَتَكَ
وَجَمِیۡعَ خَلۡقِكَ اِنَّكَ اَنۡتَ اللّٰہُ لَاۤ اِلٰہَ اِلَّاۤ اَنۡتَ وَحۡدَكَ لَاشَرِیۡكَ لَكَ
وَاَنَّ مُحَمَّدًا عَبۡدُكَ وَرَسُوۡلُكَ صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَسَلَّمَ (1)

चार चार बार हर बार चहारुम ह़िस्सए बदन दोज़ख़ से आज़ाद हो।(2) शाम को “اَصۡبَحۡتُ” की जगह “اَمۡسَیۡتُ” कहे।

﴾17﴿ اَللّٰھُمَّ لَكَ الۡحَمۡدُ حَمۡدًا دَآئِمًا مَّعَ دَوَامِكَ وَلَكَ الۡحَمۡدُ حَمۡدًا
خَالِدًا مَّعَ خُلُوۡدِكَ وَلَكَ الۡحَمۡدُ حَمۡدًا لَّا مُنۡتَھٰی لَہٗ دُوۡنَ مَشِیۡئَتِكَ
وَلَكَ الۡحَمۡدُ حَمۡدًا عِنۡدَ كُلِّ طَرۡفَةِ عَیۡنٍ وَّتَنَفُّسِ كُلِّ نَفۡسٍ (3)

एक एक बार, गोया उस ने उस दिन रात पूरी इबादत का ह़क़ अदा किया।(4)

﴾18﴿ اَللّٰھُمَّ اِنِّیۡۤ اَعُوۡذُ بِكَ مِنَ الۡھَمِّ وَالۡحُزۡنِ وَاَعُوۡذُ بِكَ مِنَ الۡعَجۡزِ
وَالۡكَسَلِ وَاَعُوۡذُ بِكَ مِنَ الۡجُبۡنِ وَالۡبُخۡلِ وَاَعُوۡذُ بِكَ مِنۡ غَلَبَةِ الدَّیۡنِ وَقَھۡرِ الرِّجَالِ (5)

एक एक बार, ग़म व अलम से बचे, अदाए क़र्ज़ के लिये

1.... *तर्जमा : ऐ अल्लाह ! عَزَّوَجَلَّ मैंने सुब्ह़ की, तुझे और तेरे अ़र्श के उठाने वालों और तेरे फ़िरिश्तों और तेरी सारी मख़्लूक़ को गवाह बनाते हुए कि अल्लाह सिर्फ़ तू ही है, तेरे सिवा कोई मा'बूद नहीं तू अकेला है तेरा कोई शरीक नहीं और मुह़म्मद صلّی اللہ تعالیٰ علیہ والہٖ وسلّم तेरे बन्दे और रसूल हैं।*

2......سنن ابی داود، کتاب الادب، باب مایقول اذا اصبح ، الحدیث:٥٠٦٩، ج٤، ص٤١٢

3.... *तर्जमा : ऐ अल्लाह ! عَزَّوَجَلَّ तेरे लिये दाइमी ह़म्द है तेरे दवाम के साथ और तेरे लिये हमेशा रहने वाली ह़म्द है तेरी हमेशगी के साथ और तेरे लिये ऐसी ह़म्द है जिस की तेरी मशिय्यत के सिवा कोई इन्तिहा न हो और हर लम्ह़ा और हर सांस तेरे लिये ही है हर ह़म्द।*

4......المعجم الاوسط للطبرانی، من اسمه محمد، الحدیث:٥٥٣٨، ج٤، ص١٥٢ بالتغیر

5.... *तर्जमा : ऐ अल्लाह ! عَزَّوَجَلَّ मैं ग़म व अलम, इ़ज्ज़ व सुस्ती, बुज़्दिली व बुख़्ल, क़र्ज़े के ग़लबे और लोगों के क़हर से तेरी पनाह मांगता हूं।*

www.dawateislami.net

ग्यारह ग्यारह बार पढ़े ।(1)

﴿19﴾ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ بِرَحْمَتِكَ اَسْتَغِيْثُ فَلَا تَكِلْنِيْٓ اِلٰى نَفْسِيْ طَرْفَةَ عَيْنٍ وَّ اَصْلِحْ لِيْ شَاْنِيْ كُلَّهٗ (2)

एक एक बार, सब काम बनें ।

﴿20﴾ اَللّٰهُمَّ خِرْ لِيْ وَاخْتَرْ لِيْ وَلَا تَكِلْنِيْٓ اِلٰٓى اِخْتِيَارِيْ (3)

सात सात बार, दिन रात के हर काम के लिये इस्तिख़ारा है ।

﴿21﴾ **सय्यिदुल इस्तिग़फ़ार** एक एक या तीन तीन बार, गुनाह मुआ़फ़ हों और उस दिन रात में मरे तो शहीद, वोह येह है :

اَللّٰهُمَّ اَنْتَ رَبِّيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ خَلَقْتَنِيْ وَاَنَا عَبْدُكَ وَاَنَا عَلٰى عَهْدِكَ وَوَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعْتُ اَبُوْٓءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَيَّ وَاَبُوْٓءُ لَكَ بِذَنْبِيْ فَاغْفِرْ لِيْ فَاِنَّهٗ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّآ اَنْتَ (4)

---

1 ......سنن ابی داود، کتاب الصلوۃ، کتاب الوتر، باب فی الاستعاذۃ، الحدیث:۱۵۵۵، ج۲، ص۱۳۳

2 .... *तर्जमा : ऐ ह़य्य ! ऐ क़य्यूम ! तेरी रह़मत के साथ मैं तुझ से फ़रयाद करता हूं कि एक पल के लिये भी मुझे मेरे नफ़्स के सिपुर्द न करना और मेरे तमाम ह़ाल को दुरुस्त कर दे ।*

3 .... *तर्जमा : ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरे लिये बेहतर मुआ़मला मुक़द्दर फ़रमा और उस में भलाई अ़त़ा फ़रमा और मुझे मेरे नफ़्स के सिपुर्द न फ़रमा ।*

(کشف الخفاء، حرف الخاء المعجمۃ، الحدیث:۱۲۷٤، ج۱، ص۳۵۲)

4 .... *तर्जमा : इलाही عَزَّوَجَلَّ तू मेरा रब है तेरे सिवा कोई मा'बूद नहीं तूने मुझे पैदा किया और मैं तेरा बन्दा हूं और ब क़द्रे त़ाक़त तेरे अ़हदो पैमान पर क़ाइम हूं मैं अपने किये के शर से तेरी पनाह मांगता हूं और तेरी ने'मत का जो मुझ पर है इक़रार करता हूं और अपने गुनाहों का ए'तिराफ़ करता हूं मुझे बख़्श दे कि तेरे सिवा कोई गुनाह नहीं बख़्श सकता ।*

(السنن الکبریٰ للنسائی، کتاب عمل الیوم واللیلۃ، الحدیث: ۱۰٤۱۷، ج٦، ص۱۵۰
وعمل الیوم واللیلۃ لابن السنی، باب مایقول اذا اصبح، الحدیث:٤۳، ص۲۲)

www.dawateislami.net

फ़क़ीर इस के बा'द इतना ज़ाइद करता है : وَاغْفِرْ لِكُلِّ مُؤْمِنٍ وَّمُؤْمِنَةٍ (1) और अपने जिस फे'ल से किसी ज़रर का अन्देशा होता है मौला तआ़ला मह़फ़ूज़ रखता है।

﴾22﴿ لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ الْمُبِيْنُ (2) सो सो बार

दुन्या में फ़ाक़ा न हो, क़ब्र में वह़शत न हो, ह़श्र में घबराहट न हो।(3)

सिर्फ़ सुब्ह़

﴾1﴿ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ (4)

हर काम बने, शैत़ान से मह़फ़ूज़ रहे।(5)

﴾2﴿ सूरए इख़्लास(6) ग्यारह बार, अगर शैत़ान मअ़ अपने लश्कर के कोशिश करे कि इस से गुनाह कराए न करा सके जब तक कि येह खुद न करे।(7)

﴾3﴿ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ (8) इक्तालीस बार

उस का दिल ज़िन्दा रहेगा और ख़ातिमा ईमान पर होगा।

1.... *तर्जमा : और तमाम मोमिन मर्दों और औ़रतों की बख़्शिश फ़रमा।*

2.... *तर्जमा : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के सिवा कोई इबादत के लाइक़ नहीं जो सरीह़ सच्चा बादशाह है।*

3.... حلية الاولياء، ٤١٠ـ سالم الخواص، الحديث: ١٢٣١٢، ج٨، ص ٣٠٩ بالتغير.

4.... *तर्जमा : अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान रह़मत वाला, गुनाहों से बचने की त़ाक़त और नेकी करने की तौफ़ीक़ अल्लाह की त़रफ़ से है जो किब्रियाई और बड़ाई वाला है।*

5.... *बा'ज़ मत़बूओं में इस दुआ़ की कोई ता'दाद मज़्कूर नहीं और बा'ज़ में ग्यारह बार तह़रीर है।* وَاللّٰه تَعالٰی اَعلم

6.... قُلْ هُوَ اللّٰهُ اَحَدٌ ۚ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۚ لَمْ يَلِدْ ۙ وَلَمْ يُوْلَدْ ۙ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ ۚ (پ٣٠، الاخلاص)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : तुम फ़रमाओ वोह अल्लाह है वोह एक है अल्लाह बे नियाज़ है न उस की कोई अवलाद और न वोह किसी से पैदा हुवा और न उस के जोड़ का कोई।

7.... الدر المنثور، سورة الاخلاص، ج ٨، ص ٦٨١

8.... *तर्जमा : ऐ ह़य्य ! ऐ क़य्यूम ! तेरे सिवा कोई मा'बूद नहीं।*

www.dawateislami.net

﴾4﴿ (1) سُبْحَانَ اللهِ الْعَظِيْمِ وَبِحَمْدِهٖ तीन बार

जुनून, जुज़ाम व बर्स व नाबीनाई से बचे।[2]

﴾5﴿ तिलावते कुरआने अज़ीम कम अज़ कम एक पारह, हत्तल इम्कान तुलूए शम्स से पहले हो और अगर आफ़्ताब निकल आए तो ठहर जाए और ज़िक्रो अज़्कार करे यहां तक कि आफ़्ताब बुलन्द हो जाए। जिन तीन वक़्तों में नमाज़ ना जाइज़ है तिलावत भी मकरूह है।

﴾6﴿ दलाइलुल ख़ैरात एक हिज़्ब

﴾7﴿ शजरा शरीफ़। दलाइल व शजरा क़ब्ले तुलूअ़ हों या बा'दे तुलूअ़।

पांचों नमाज़ों के बा'द

﴾1﴿ आयतुल कुर्सी[3] एक एक बार

मरते ही दाख़िले जन्नत हो।[4]

1.... तर्जमा : पाक है अल्लाह बड़ी अ़ज़मत वाला अपनी ता'रीफ़ के साथ।

2.... المسند للامام احمد بن حنبل، حديث قبيصة بن مخارق،الحديث:٢٠٦٢٥،ج٧،ص٣٥٢

3.... اَللّٰهُ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَۚ اَلْحَیُّ الْقَیُّوْمُ ۚ۬ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّ لَا نَوْمٌؕ لَهٗ مَا فِی السَّمٰوٰتِ وَ مَا فِی الْاَرْضِؕ مَنْ ذَا الَّذِیْ یَشْفَعُ عِنْدَهٗۤ اِلَّا بِاِذْنِهٖؕ یَعْلَمُ مَا بَیْنَ اَیْدِیْهِمْ وَ مَا خَلْفَهُمْۚ وَ لَا یُحِیْطُوْنَ بِشَیْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖۤ اِلَّا بِمَا شَآءَۚ وَسِعَ كُرْسِیُّهُ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضَۚ وَ لَا یَـٴُـوْدُهٗ حِفْظُهُمَاۚ وَ هُوَ الْعَلِیُّ الْعَظِیْمُ ﴿۲۵۵﴾ (پ٣،البقرة:٢٥٥)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : अल्लाह है जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं वोह आप ज़िन्दा और औरों का क़ाइम रखने वाला उसे न ऊंघ आए न नींद उसी का है जो कुछ आस्मानों में है और जो कुछ ज़मीन में वोह कौन है जो उस के यहां सिफ़ारिश करे बे उस के हुक्म के जानता है जो कुछ उन के आगे है और जो कुछ उन के पीछे और वोह नहीं पाते उस के इल्म में से मगर जितना वोह चाहे उस की कुर्सी में समाए हुए हैं आस्मान और ज़मीन और उसे भारी नहीं उन की निगेहबानी और वोही है बुलन्द बड़ाई वाला

4.... مشكاة المصابيح، كتاب الصلاة، باب الذكر بعد الصلاة، الحديث:٩٧٤،ج١،ص١٩٧

www.dawateislami.net

﴿2﴾ اَسْتَغْفِرُ اللهَ الَّذِیْ لَآ اِلٰہَ اِلَّا ھُوَ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ وَاَتُوْبُ اِلَیْہِ (1)
तीन तीन बार, गुनाह मुआफ़ हों अगर्चे समुन्दर के झाग के बराबर हों।(2)

﴿3﴾ तस्बीह हज़रते सय्यिदतुना ज़हरा رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عنہا
"سُبْحٰنَ اللہ" तेंतीस बार "اَلْحَمْدُ لِلّٰہ" तेंतीस बार "اَللّٰہُ اَکْبَرُ" चोंतीस बार, अख़ीर में एक बार
لَآ اِلٰہَ اِلَّا اللہُ وَحْدَہٗ لَا شَرِیْکَ لَہٗ لَہُ الْمُلْکُ وَلَہُ الْحَمْدُ وَھُوَ عَلٰی کُلِّ شَیْءٍ قَدِیْرٌ (3)
उस दिन तमाम जहां में किसी का अ़मल इस के बराबर बुलन्द न किया जाएगा मगर उस का जो इस के मिस्ल पढ़े।(4)

﴿4﴾ माथे पर दहना हाथ रख कर
بِسْمِ اللہِ الَّذِیْ لَآ اِلٰہَ اِلَّا ھُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِیْمُ اَللّٰھُمَّ اَذْھِبْ عَنِّی الْھَمَّ وَالْحُزْنَ (5)

1.... *तर्जमा : मैं मग़्फ़िरत तृलब करता हूं अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ से जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं वोह ज़िन्दा है क़ाइम रखने वाला है और उसकी बारगाह में तौबा करता हूं।*

2......سنن الترمذی، احادیث شتی، ۱۱۷۔باب، الحدیث:۳۵۸۸، ج۵، ص۳۳۶ وعمل الیوم واللیلۃ لابن السنی، باب مایقول فی دبر الصلاۃ الصبح، الحدیث:۱۳۷، ص۵۱

3.... *तर्जमा : अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ पाक है, सब ख़ूबियां अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ के लिये हैं, अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ सब से बड़ा है, अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ के सिवा कोई मा'बूद नहीं वोह अकेला है उस का कोई शरीक नहीं, उसी के लिये है बादशाही और उसी के लिये ह़म्द है और वोह हर चीज़ पर क़ादिर है।*

4......الاحسان بترتیب صحیح ابن حبان، کتاب الصلاۃ، باب صفۃ الصلاۃ، فصل فی القنوت، ذکر البیان بانّ التسبیح والتحمید...الخ، الحدیث:۲۰۱۲، ج۳، ص۲۳۱

5.... *तर्जमा : अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ के नाम से जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं वोह रह़मानो रह़ीम है, ऐ अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ मुझ से ग़म व मलाल दूर फ़रमा।*

(مجمع الزوائد، کتاب الاذکار، باب الدعا فی الصلاۃ وبعدھا، الحدیث:۱۶۹۷۱، ج۱۰، ص۱۴۴)

www.dawateislami.net

